डिजीटल अखबार

# डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचईएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | भाद्रपद शुक्ल पक्ष, 15-2083 | भोपाल, दिन शनिवार, दिनांक 26 सितंबर 2026

## न्यूज गैलरी

### बिलकिट से आई टॉप एंड टाउन की फफूंद लगी ब्रेड

भोपाल। ई-कॉमर्स कंपनी बिलकिट से सप्लाई सामान की गुणवत्ता पर फिर सवाल उठे हैं। [illegible] शुक्रवार सुबह 8 बजे बिलकिट से टॉप एंड टाउन की दो ब्रेड ऑर्डर की। आधे घंटे में पहुंची ब्रेड में फफूंद थी, लेकिन परिवार ने धोखे में उसका कुछ हिस्सा खा लिया। 14 महीने की बच्ची [illegible] और आठ साल की भतीजी ने भी ब्रेड खाई, जिससे [illegible] ब्रेड की एक्सपायरी डेट 28 सितंबर दर्ज थी। [illegible] ने बिलकिट और खाद्य सुरक्षा विभाग को शिकायत दी, लेकिन देर रात तक सैंपल लेने कोई नहीं पहुंचा। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी [illegible] ने कहा कि फोन पर सूचना मिली है, सैंपलिंग कराकर जांच की जाएगी।

### 54 लाख के भुगतान पर 4 लाख कमीशन मांगा

भोपाल। [illegible] नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) गजानन नाफड़े को शुक्रवार लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने 2 लाख की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। [illegible] ठेकेदार [illegible] व उसकी पत्नी की 2 फर्मों का [illegible] लाइट लगाई का 54.23 लाख का भुगतान था। जिसमें से 15 लाख का भुगतान शेष था। इन दोनों भुगतानों के एवज में सीएमओ नाफड़े 4 लाख मांग रहे थे। [illegible] सीएमओ 12 [illegible] कमीशन के हिसाब से 4 लाख की पहली किस्त 2 लाख रुपए लेने पर राजी हो गए। शुक्रवार को जैसे ही [illegible] ने सीएमओ कक्ष में पहुंचकर सीएमओ गजानन को 2 लाख रुपए दिए। वहां मौजूद लोकायुक्त टीम ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया। हाथ धुलाने पर पानी का रंग भी गुलाबी हो गया। सीएमओ के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। इधर, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के [illegible] ने सीएमओ नाफड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### शहडोल में निवेश के नाम पर 45 करोड़ रु. की ठगी

भोपाल। शहडोल में शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 4.50 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी के मामले की जांच अब सीआईडी करेगी। [illegible] के मामले की जांच सीआईडी करेगी [illegible] लिमिटेड के स्थानीय कर्मचारियों ने सैकड़ों लोगों से भारी ब्याज और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाने का झांसा देकर रकम जमा कराई। निवेशकों को न मूलधन मिला, न ब्याज और न नौकरी। पीड़ितों की शिकायत पर बुढ़ार और [illegible] थानों में

---

गडकरी और सीएम मोहन यादव ने भोपाल से मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का किया शुभारंभ, सात शहरों को पहले चरण में जोड़ा

# 21 साल बाद एमपी की सड़कों पर फिर दौड़ीं सरकारी बसें, 351 बसों को दिखाई हरी झंडी

डीआर संवाददाता»भोपाल।

मध्यप्रदेश में करीब 21 साल बाद सार्वजनिक बस सेवा एक बार फिर शुरू हो गई। शुक्रवार को भोपाल [illegible] मैदान में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा और पीएम ई-बस सेवा का शुभारंभ किया। दोनों नेताओं ने सात शहरों के लिए 351 इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पहले चरण में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, देवास, कटनी और भिंड को सेवा से जोड़ा गया है। कुल बसों में 120 इंटरसिटी और 231 इंट्रासिटी बसें शामिल हैं। इंदौर में 145, भोपाल में 108 और जबलपुर में 87 बसें संचालित होंगी। रीवा में 18, देवास में 10, कटनी में 3 और भिंड में 2 इंटरसिटी बसें शुरू की गई हैं।

गडकरी बोले- किराया डीजल बसों से 30 फीसदी कम हो

कार्यक्रम में नितिन गडकरी ने सार्वजनिक परिवहन को सुरक्षित, सुविधाजनक और पर्यावरण अनुकूल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ई-बसों के संचालन से प्रदूषण कम करने और परिवहन की लागत घटाने में मदद मिलेगी। गडकरी ने कहा कि नई बसों का किराया डीजल बसों की तुलना में करीब 30 प्रतिशत कम रखने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने बसों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने की बात भी कही। उन्होंने परिवहन क्षेत्र में स्वच्छ ईंधन और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की जरूरत बताई। साथ ही बसों के निर्माण और संचालन में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

### 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को बस सेवा से जोड़ने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन को चरणबद्ध तरीके से प्रदेश के गांवों और शहरों तक पहुंचाया जाएगा। सरकार ने 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को बस सेवा से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। बसों में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए सीसीटीवी, पैनिक बटन, आपातकालीन दरवाजे, जीपीएस निगरानी और ऑनलाइन टिकटिंग जैसी व्यवस्थाएं की गई हैं।

### 55 जिलों में 3 हजार से अधिक रूटों का सर्वे

सरकार के अनुसार प्रदेश के सभी 55 जिलों में 3 हजार से अधिक संभावित बस रूटों का सर्वे कराया गया है। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के विस्तार के साथ ग्रामीण क्षेत्रों और प्रमुख शहरों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने की योजना है। परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने इसे प्रदेश की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में महत्वपूर्ण शुरुआत बताया। कार्यक्रम में परिवहन संचालन से जुड़े संस्थानों के बीच समझौता भी किया गया।

---

# अवधपुरी में दिनदहाड़े लूट का प्रयास, बुजुर्ग पर हथौड़े से हमला

डीआर संवाददाता»भोपाल।

अवधपुरी के श्रीराम परिसर फेस-3 में शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे तीन नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में घुसकर लूट का प्रयास किया। विरोध करने पर 70 वर्षीय मोहन चौधरी के सिर पर हथौड़े से कई वार किए गए। उनकी पत्नी कमला चौधरी के हाथ-पैर बांधकर मुंह पर टेप लगाया गया। घर में मौजूद महिला केयरटेकर को भी बदमाशों ने बंधक बना लिया।

### घायल बुजुर्ग मदद के लिए गैलरी में पहुंचे

हमले में गंभीर घायल मोहन चौधरी किसी तरह गैलरी तक पहुंचे और मदद के लिए आवाज लगाई। उनकी चीखें सुनकर आसपास के रहवासी लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। लोगों को देखकर तीनों बदमाश छत पर चढ़ गए। उनके पास तलवार और फरसा था। करीब आधे घंटे तक वे छत से हथियार लहराकर लोगों को धमकाते रहे। इसी दौरान पुलिस वाहन का सायरन सुनाई दिया। इसके बाद बदमाश मकान के पीछे की ओर गए और बाउंड्री फांदकर फरार हो गए। घायल मोहन को उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि उनके सिर में 45 टांके आए हैं।

### केयरटेकर की भूमिका की जांच

डीसीपी जोन-2 विकास शाहवाल के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला डकैती या लूट के प्रयास का है। केयरटेकर राधिका की भूमिका संदिग्ध बताई गई है। पुलिस को जानकारी मिली है कि उसने सिरोंज [illegible] से युवकों को बुलाया था। पुलिस मामले में उसकी भूमिका और अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

### कितना सामान गया, अभी स्पष्ट नहीं

अवधपुरी टीआई सुरेश मीना ने बताया कि घायल बुजुर्ग बयान देने की स्थिति में नहीं हैं। इसलिए फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बदमाश कितना सामान लेकर गए। घटना के समय मोहन चौधरी का बेटा घर पर मौजूद नहीं था।

### चार चोरियों के बाद रहवासियों में नाराजगी

कॉलोनी अध्यक्ष डॉ. [illegible] सिंह के अनुसार परिसर में पहले भी चार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। घटना के विरोध में रहवासियों ने शाम को अवधपुरी थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई।

---

# अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े से बढ़ेगी रात की ठंडक, फिलहाल अगले 24 घंटे हल्की बारिश के आसार

डीआर संवाददाता»भोपाल।

सितंबर के अंतिम दिनों में मानसून की गतिविधियां कमजोर पड़ने लगी हैं। बारिश में कमी के साथ वातावरण में नमी भी घट रही है और हवाओं की दिशा में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं।

मौसम में हो रहे इन बदलावों के बीच भोपाल में पहली बार न्यूनतम तापमान 21 डिग्री से नीचे पहुंचा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मानसून की विदाई के बाद रात के तापमान में और गिरावट देखने को मिल सकती है।

विशेषज्ञों के मुताबिक इस बार रात की ठंडक के लिए नवंबर तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े से सुबह और रात के समय मौसम में ठंडक बढ़ने लगेगी। हालांकि ठंड की तीव्रता कितनी रहेगी, इसका स्पष्ट आकलन नवंबर के आसपास ही किया जा सकेगा।

### दिन में धूप, सुबह-रात ठंडक

मानसून की विदाई के बाद आसमान साफ होने और नमी कम होने से दिन और रात के तापमान में अंतर बढ़ सकता है। सुबह और देर रात ठंडक महसूस होगी, जबकि दिन में धूप के कारण मौसम अपेक्षाकृत गर्म रह सकता है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार उत्तर-पश्चिमी हवाओं का प्रभाव, प्रशांत महासागर की समुद्री सतह के तापमान में बदलाव और पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता सर्दी की तीव्रता को प्रभावित कर सकती है।

### अगले 24 घंटे

#### बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। [illegible] करीब 28 जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसके बाद मौसम के धीरे-धीरे शुष्क होने की संभावना है। इधर, सिक्किम के ग्यालशिंग जिले में भूस्खलन से 30 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। ओडिशा में भारी बारिश के बाद करीब 10 हजार लोगों को राहत केंद्रों में पहुंचाया गया

---

# हड़ताल से पहले रविवार को खुलेंगी बैंक शाखाएं, एसबीआई में स्टाफ की उपस्थिति अनिवार्य

डीआर संवाददाता»भोपाल।

भोपाल। 26 सितंबर को चौथे शनिवार का अवकाश होने और 28 से 30 सितंबर तक बैंक कर्मचारियों की प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल के बीच रविवार को बैंक शाखाएं खुलेंगी। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश के अनुसार 27 सितंबर को सार्वजनिक क्षेत्र और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की शाखाओं को चालू रखने की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य लगातार कई दिनों तक बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होने से ग्राहकों को होने वाली परेशानी को कम करना है।

### रविवार को इन कामों का मिल सकता है मौका

ग्राहक रविवार को चेक जमा करने, बड़ी रकम की निकासी, ड्राफ्ट बनवाने और शाखा से जुड़े अन्य जरूरी काम निपटा सकेंगे। शाखाओं के साथ एटीएम से संबंधित कार्यालय और करेंसी चेस्ट भी चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### एसबीआई में उपस्थिति अनिवार्य

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने [illegible] अधिकारियों को 2 [illegible] कर्मचारियों को [illegible] की व्यवस्था बताई गई है। [illegible]

### तीन दिन की हड़ताल से ये सेवाएं हो सकती हैं प्रभावित

28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित हड़ताल के दौरान बैंक शाखाओं में नकद जमा-निकासी, चेक क्लियरिंग, ड्राफ्ट और पासबुक अपडेट जैसे काम प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और अन्य डिजिटल सेवाएं सामान्य रूप से उपलब्ध रहने की उम्मीद है।

---

# वरिष्ठ अधिकारियों की फटकार के बाद निलंबित टीआई ने हटाया विवादित वीडियो

डीआर संवाददाता»भोपाल

जहांगीराबाद थाने के निलंबित टीआई राजन सिंह अहिरवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और फेसबुक से अपना विवादित वीडियो हटा दिया है। बताया जा रहा है कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की फटकार के बाद उन्होंने यह वीडियो डिलीट किया। हालांकि पुलिस अधिकारियों की ओर से वीडियो हटाने के कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वीडियो में टीआई ने अपने निलंबन को लेकर सफाई देते हुए एक महिला पुलिस अधिकारी पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि उन्हें किसी गलत काम या प्रशासनिक मामले के कारण निलंबित नहीं किया गया है। वीडियो सामने आने के बाद मामला पुलिस विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में आया था।

### सोशल मीडिया बयान को लेकर जांच की संभावना

निलंबन अवधि के दौरान सोशल मीडिया पर सार्वजनिक बयान देने को लेकर पुलिस विभाग की ओर से आचरण नियमों के तहत जांच की जा सकती है। फिलहाल इस संबंध में कोई आधिकारिक कार्रवाई सामने नहीं आई है।

गणेश विसर्जन के दौरान हुआ था विवाद

22 सितंबर की रात गणेश विसर्जन के दौरान रास्ता बंद होने को लेकर [illegible] का पुलिसकर्मियों से विवाद हुआ था। [illegible] ने पुलिसकर्मियों पर [illegible] गाली-गलौज और मारपीट के आरोप लगाए थे।

### निकाय चुनाव की तैयारी, हजत में होगी हर जिले की बैठक

भोपाल। लोक संपर्क अभियान के समापन के बाद भाजपा मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटेगी। 17 अक्टूबर के बाद मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश के सभी जिलों की कोर कमेटियों की बैठक आयोजित करने की तैयारी है। इन बैठकों में जिले की नगरीय निकायों की राजनीतिक और संगठनात्मक स्थिति की समीक्षा के साथ स्थानीय स्तर पर चल रही गतिविधियों का फीडबैक लिया जाएगा।

---

# टिन निगलने का बहाना कर अस्पताल पहुंचा कैदी, रात में भागने की कोशिश, पकड़ाया

डीआर संवाददाता»भोपाल

हड़ताल से पहले रविवार को खुलेंगी बैंक शाखाएं, एसबीआई में स्टाफ की उपस्थिति अनिवार्य

27 सितंबर को बैंक खुले रहेंगे, 28 से 30 सितंबर की प्रस्तावित हड़ताल से पहले ग्राहकों को जरूरी काम निपटाने का मौका

भोपाल। 26 सितंबर को चौथे शनिवार का अवकाश होने और 28 से 30 सितंबर तक बैंक कर्मचारियों की प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल के बीच रविवार को बैंक शाखाएं खुलेंगी। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश के अनुसार 27 सितंबर को सार्वजनिक क्षेत्र और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की शाखाओं को चालू रखने की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य लगातार कई दिनों तक बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होने से ग्राहकों को होने वाली परेशानी को कम करना है।

### रविवार को इन कामों का मिल सकता है मौका

ग्राहक रविवार को चेक जमा करने, बड़ी रकम की निकासी, ड्राफ्ट बनवाने और शाखा से जुड़े अन्य जरूरी काम निपटा सकेंगे। शाखाओं के साथ एटीएम से संबंधित कार्यालय और करेंसी चेस्ट भी चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं एसबीआई में उपस्थिति अनिवार्य

---

विसर्जन अनंत चतुर्दशी पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं का श्रद्धा और उल्लास के साथ विसर्जन किया

# बूंदाबांदी के बीच भी नहीं थमा उत्साह, ढोल-नगाड़ों के साथ निकलीं शोभायात्राएं

डीआर संवाददाता»भोपाल।

भोपाल। 12 दिन तक घरों और गणेश पंडालों में पूजा-अर्चना के बाद शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं का श्रद्धा और उल्लास के साथ विसर्जन किया गया। सुबह से ही विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिमाओं को विसर्जन स्थलों तक ले जाने का सिलसिला शुरू हो गया। इस दौरान बूंदाबांदी के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ।

### जयकारों के साथ निकलीं शोभायात्राएं

गणेश प्रतिमाओं को आकर्षक रूप से सजाकर ढोल-बैंड के साथ शोभायात्रा के रूप में विसर्जन स्थलों तक ले जाया गया। रास्तेभर श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते रहे और गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते रहे। कई स्थानों पर प्रतिमाओं की विदाई से पहले आरती की गई और भगवान गणेश को मोदक, फल और फूल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की गई।

बड़ी प्रतिमाओं के साथ निकली शोभायात्राओं में युवाओं के साथ महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए। बारिश के बीच भी श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। विसर्जन स्थलों पर प्रशासन और स्थानीय समितियों की ओर से व्यवस्थाएं की गईं।

### देशभर में दिखा उत्साह

गणेशोत्सव के समापन पर मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, अमृतसर सहित कई शहरों में भी भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं। मुंबई में लालबागचा राजा और राजा तेजुकाया की प्रतिमाओं की विदाई में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हैदराबाद में खैरताबाद और बालापुर में भी विसर्जन के दौरान भारी भीड़ रही।

### खंडवा में विसर्जन के दौरान हादसा

खंडवा में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान ग्राम [illegible] के पास एक खदान में पांच बच्चों के डूबने की घटना हुई। ग्रामीणों ने तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि 17 वर्षीय [illegible] ठाकुर और 16 वर्षीय [illegible] ठाकुर गहरे पानी में चले गए। दोनों की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया गया।

---

# सोम डिस्टिलरीज को हाई कोर्ट से राहत, 15 दिन में लाइसेंस नवीनीकरण के आदेश

डीआर संवाददाता»भोपाल।

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने सोम डिस्टिलरीज से जुड़ी कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए लाइसेंस नवीनीकरण के आवेदन निरस्त करने के राज्य सरकार और आबकारी विभाग के 18 जून के आदेश को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने सरकार को 15 दिनों के भीतर कंपनी के सभी लाइसेंस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान आबकारी विभाग की कार्रवाई पर टिप्पणी की। कोर्ट ने लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया में प्रशासनिक दुर्भावना पाए जाने की बात कहते हुए राज्य सरकार पर 2 लाख रुपए की कॉस्ट लगाई है। साथ ही कंपनी को शासन से हर्जाने की मांग करने की छूट दी है।

### 175 पन्नों के आदेश पर कोर्ट ने की टिप्पणी

सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने आबकारी विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। कोर्ट के समक्ष यह तथ्य आया कि लाइसेंस निलंबित करने संबंधी 175 पन्नों का आदेश 24 घंटे से भी कम समय में जारी किया गया था। कोर्ट ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इतने कम समय में इतना बड़ा आदेश तैयार होना असामान्य है और यह सवाल उठाता है कि क्या निर्णय पहले से तय था।

### शराब टेंडर रद्द करने से इनकार

सोम डिस्टिलरीज की ओर से शराब से जुड़े सभी टेंडर निरस्त करने की मांग भी की गई थी। हालांकि हाई कोर्ट ने टेंडर रद्द करने का आदेश नहीं दिया। कोर्ट ने कंपनी को संभावित नुकसान के लिए शासन से हर्जाना मांगने की स्वतंत्रता दी है।

## न्यूज गैलरी

### गहुआखेड़ी में पितृ भागवत कथा का शुभारंभ कल

सीहोर। इस बार पितृपक्ष का शुभारंभ शनिवार से हो रहा है। पितरों की तीर्थ प्राप्ति व क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना के लिए शर्मा परिवार के द्वारा मां नर्मदा के पावन तट नेमावर क्षेत्र के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पंडित दिलीप गोलू जोशी के मुखारविंद से पितृपक्ष में 27 सितंबर से 3 अक्टूबर तक सप्त दिवसीय संगीतमय पितृ भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

### अमानक बीज बेचने पर 9 केंद्रों के लाइसेंस निलंबित

सीहोर। अमानक बीज के विक्रय के मामले में कृषि विभाग ने कार्रवाई करते हुए जिले के 9 बीज विक्रय केंद्रों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। कृषि विभाग के उप संचालक एवं पदेन अनुज्ञापन अधिकारी अशोक कुमार उपाध्याय ने यह कार्रवाई की है। परीक्षण रिपोर्ट में इन बीजों की एवं अंकुरण क्षमता निर्धारित मानकों से कम पाई गई।

### 136 बच्चों को लगे टीके, गर्भवती की स्वास्थ्य जांच

सीहोर। जिले में यू विन पोर्टल पर 113 सत्रों की योजना बनाई गई थी, जिनमें सभी 113 सत्र आयोजित किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इनमें 0 से 1 वर्ष तक के 345 बच्चे टीकाकृत, 1 वर्ष से अधिक आयु के 136 बच्चे टीकाकृत, 51 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

### जन विश्वास अभियान: शिविर व भ्रमण आज

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आष्टा विकासखंड के ग्राम खड़ी हाट में पूर्व निर्धारित 25 सितम्बर के स्थान पर अब 26 सितम्बर को शिविर एवं भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### पीजी परीक्षा का शेड्यूल नहीं, 5 दिन बाद प्रमोशन की अंतिम तारीख

सीहोर। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की देरी से जिले के 3,500 से अधिक पीजी विद्यार्थियों के सामने प्रमोशन को लेकर असमंजस की स्थिति है। एमए, एमकॉम और एमएससी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षाएं अब तक नहीं हुई हैं और विद्यार्थियों ने परीक्षा फॉर्म भी नहीं भरे हैं। वहीं अगली कक्षा में प्रमोशन की अंतिम तारीख 30 सितंबर तय है। ऐसे में परीक्षा, रिजल्ट और प्रमोशन की प्रक्रिया पांच दिन में पूरी होने पर सवाल उठ रहे हैं।

विसर्जन | क्षेत्र भर में थी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना, झांकियों और अखाड़ों के साथ निकला भव्य चल समारोह

# जयकारों के बीच बप्पा की विदाई, देर रात तक चला

डीआर संवाददाता-सीहोर

नगर में 12 दिनों से चल रहे गणेश उत्सव का समापन शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी पर श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। सुबह से ही शहर के विभिन्न गणेश पंडालों में हवन, पूजन, आरती और महाआरती का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंडालों में पहुंचकर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। इसके बाद गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए रवाना किया गया। इस दौरान शहर गणपति बप्पा मोरिया और अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से गूंजता रहा।

### 300 से अधिक स्थानों पर विराजे थे गणपति

इस वर्ष नगर में 300 से अधिक स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर दोपहर बाद से

प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हुआ। गणेश उत्सव समितियों के कार्यकर्ता गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाओं को लेकर चल समारोह में शामिल हुए। अलग-अलग क्षेत्रों से निकले जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विसर्जन स्थलों तक पहुंचे। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं की पूजा कर आरती की और भावपूर्ण विदाई दी।

### देर रात तक घाटों पर पहुंचते रहे श्रद्धालु

टाउन हॉल के पास बने सीवन डैम, सीवन नदी घाट सहित अन्य जल स्रोतों पर देर रात तक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन चलता रहा। ढोल-नगाड़ों की थाप और जयकारों के बीच श्रद्धालु प्रतिमाओं को लेकर घाटों तक पहुंचे। नगर पालिका की ओर से विसर्जन स्थलों पर क्रेन, नाव, गोताखोर और नगर सैनिकों की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए घाटों पर सुरक्षा और अन्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। नगर पालिका ने प्रतिमा विसर्जन की सुविधा के लिए घाटों का निर्माण भी पहले ही कर लिया था।

### झांकियों और अखाड़ों ने बढ़ाया उत्साह

शाम होते ही शहर में गणेश प्रतिमाओं का विशाल चल समारोह निकला। इसमें विभिन्न समितियों की आकर्षक झांकियां, अखाड़े और युवाओं की टोलियां शामिल हुईं। ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवाओं ने नृत्य किया, वहीं श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। चल समारोह देखने के लिए शहर के प्रमुख मार्गों पर बड़ी संख्या में लोग जमा रहे।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

रात में कोतवाली चौराहे से शुरू हुआ चल समारोह गंज रोड, लीसा टॉकीज और तहसील चौराहा होते हुए आगे बढ़ा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां झांकियों और अखाड़ों का स्वागत किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शहर पहुंचे। देर रात तक लोग चल समारोह और झांकियों का आनंद लेते रहे।

अनंत चतुर्दशी पर पूरे दिन शहर में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से अगले वर्ष फिर आने की कामना की और भावपूर्ण विदाई दी। देर रात तक शहर के विभिन्न विसर्जन स्थलों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।

## गणेश विसर्जन के लिए छुट्टी लेकर घर आया छात्र डूबा, मौत

डीआर संवाददाता-बरखेड़ा हसन

अहमदपुर थाना क्षेत्र के सीलखेड़ा में गणेश विसर्जन के लिए छात्रावास से एक दिन की छुट्टी लेकर आया छात्र गणेश विसर्जन के दौरान तालाब के पानी में डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जब गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान सीलखेड़ा और मुंगावली के बीच स्थित खदान के पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबने से 16 वर्षीय अतुल अहिरवार की मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने किशोर को पानी से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोराहा लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

सीलखेड़ा गांव में बच्चों ने गणेश प्रतिमा स्थापित की थी। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे करीब पांच से छह बच्चे प्रतिमा लेकर विसर्जन के लिए निकले थे। गांव में विसर्जन के लिए बड़े तालाब की व्यवस्था रहती है, लेकिन बच्चे बिना बताए गांव से करीब 2.5 किमी दूर खदान के गड्ढे तक पहुंच गए। गड्ढे में पानी की गहराई अधिक थी। इसी दौरान अतुल पानी में डूब गया।

अहमदपुर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। तहसीलदार आकाश महत के अनुसार गांव के बड़े तालाब में विसर्जन की व्यवस्था रहती है, लेकिन बच्चे खदान के गड्ढे तक चले गए। पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के लिए 4 लाख रुपए का प्रकरण भेजा जा रहा है।

## एनएसयूआई बाबा साहेब के नाम पर नहीं करें राजनीति, जाटव

डीआर संवाददाता-सीहोर।

प्रधानमंत्री एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद कॉलेज प्राचार्य कक्ष में पहुंचकर शुक्रवार को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भाजपा सीहोर मंडल के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति के निर्देशन में मंडल महामंत्री नीरज जाटव के नेतृत्व में कॉलेज प्राचार्य रोहिताश्व शर्मा की उपस्थिति में दीवार पर सम्मान पूर्वक लगाई। कॉलेज प्राचार्य और पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब अमर रहे के नारे भी लगाए।

भाजपा मंडल महामंत्री नीरज जाटव ने बाबा साहब की तस्वीर लगाने के बाद कहा कि कांग्रेस पार्टी की छात्र विंग एनएसयूआई बाबा साहब के नाम पर झूठी राजनीति कर रही है, सच यह है कि कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहब को सम्मान नहीं दिया है यही कारण है कि अब कांग्रेस देश में पीछे पर आ गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जब से सत्ता में आई है तब से बाबा साहब के विचारों और उनके अनुयायियों को आगे बढ़ा रही है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बाबा साहब को नमन करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोगों के पास आरोप लगाने के अलावा कोई काम नहीं है अथवा छात्र में छात्र-छात्राओं के द्वारा ही भंडारा आयोजित किया गया था वहां कोई भाव वाला नहीं चल रहा था। संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर हम सब के सम्माननीयप्रेरणापुरुष हैं। कॉलेज की नई बिल्डिंग के प्राचार्य कक्ष में पहले से बाबा साहब की तस्वीर लगी हुई है जबकि पुरानी बिल्डिंग के प्राचार्य कक्ष में रंगाई कार्य होने के चलते तस्वीर को हटाया गया था भाजपा कार्यकर्ताओं ने तस्वीर को सम्मान के साथ वापस स्थान पर लगा दिया है।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का भव्य आयोजन

डीआर संवाददाता-सीहोर।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीहोर के नवीन कॉन्फ्रेंस हॉल में 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम मुख्यतः नशामुक्त भारत, स्वच्छ भारत, सशक्त भारत विषय पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना के गायन से हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का तिलक एवं पुष्पों

से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों को पौधा, एनएसएस बैज एवं एनएसएस डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। एनएसएस स्वयंसेविका कविता द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्कृष्ट विद्यालय, सीहोर के देवेंद्र कुमार राय थे, जो विगत 18 वर्षों से प्रोग्राम ऑफिसर राष्ट्रीय सेवा योजना के रूप में विद्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में एनएसएस के पूर्व स्वयंसेवक अमित शर्मा एवं आदित्य पर उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अपने स्वागत उद्बोधन में मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार राय ने एनएसएस की उत्पत्ति, उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनएसएस का मूल उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से एनएसएस की भावना को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखकर अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने एनएसएस के मूल उद्देश्य शिक्षा द्वारा समाज सेवा एवं समाज सेवा द्वारा शिक्षा की व्याख्या करते हुए एनएसएस के लोगो एवं आदर्श वाक्य के महत्व को भी स्पष्ट किया तथा स्वस्थ युवा युवा एवं विकसित भारत के संदर्भ में उन्होंने कहा कि नशा नाश का कारण है और स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए युवाओं को नशे से दूर रहना आवश्यक है।

## किसानों को जैविक खेती और अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकें बताई

डीआर संवाददाता-बरखेड़ा हसन

ग्राम पंचायत बरखेड़ा हसन में जैविक खेती और जैविक अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों, जैविक खेती की तकनीकों और कृषि अपशिष्ट के उचित प्रबंधन की जानकारी देना था। कार्यक्रम का आयोजन परिवर्तन सहयोग समिति द्वारा

किया गया। कार्यक्रम के समापन पर ब्रजेश कुमार पांडेय ने किसानों, विशेषज्ञों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच देवी लाल, बाबू लाल विश्वकर्मा, देवराज सिंह सिंह, कपिल गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**विशेषज्ञ ने किसानों को दी जैविक खेती की जानकारी**

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और जैविक खेती विशेषज्ञ आलोक मीणा ने किसानों को जैविक खेती से जुड़ी विभिन्न तकनीकें। खेतों में उपलब्ध जैविक संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल तथा कृषि अपशिष्ट के उचित प्रबंधन से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने पर भी बताया गया।

**प्रशिक्षण की जानकारी खेतों में अपनाने की अपील**

परिवर्तन सहयोग समिति के अध्यक्ष डॉ. मिलिंद श्रीवास्तव ने किसानों से प्रशिक्षण के दौरान मिली जानकारी को खेतों में प्रयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जैविक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाकर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने किसानों से प्रशिक्षण को केवल कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए व्यावहारिक रूप से अपनाने की अपील की।

## अमानक बीज विक्रय पर कार्रवाई, जिले के 9 केंद्रों के लाइसेंस निलंबित

डीआर संवाददाता-सीहोर.

सीहोर। कृषि विभाग ने अमानक मक्का बीज बेचने के मामले में जिले के 9 बीज विक्रय केंद्रों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। कृषि विभाग के उप संचालक एवं पदेन अनुज्ञापन अधिकारी अशोक कुमार उपाध्याय ने यह कार्रवाई की है।

विभाग के अनुसार संबंधित बीज विक्रेताओं के यहां से मक्का बीज के नमूने लेकर राज्य बीज

परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए थे। जांच में इन बीजों की अंकुरण क्षमता निर्धारित मानक से कम पाई गई। इसके बाद भैरुंदा, लाडकुई और इछावर क्षेत्र के 9 बीज विक्रय केंद्रों पर कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने बताया कि अमानक बीज बनाने वाली संबंधित कंपनियों के उत्पादों को भी जिले में प्रतिबंधित किया गया है। विभाग ने सभी संबंधित विक्रय स्थलों का निरीक्षण कर शेष स्टॉक की जानकारी लेने और नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

क्षेत्रभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालु, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने की पूजा-अर्चना, महाप्रसादी का हुआ वितरण

## बरखेड़ा हसन में गणेश महाआरती में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

डीआर संवाददाता-बरखेड़ा हसन।

क्षेत्र के बरखेड़ा हसन गांव में शुक्रवार रात भानु टेंट हाउस गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में भगवान गणेश की महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और गणेश उत्सव समिति के सदस्य भी शामिल हुए।

### भजन और हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

महाआरती के दौरान ग्राम की मानस प्रचार समिति के सदस्यों ने हनुमान चालीसा का

पाठ किया। इसके साथ ही भजनों की प्रस्तुति दी गई। भक्ति गीतों के दौरान श्रद्धालु भी धार्मिक माहौल में शामिल रहे। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं का पूर्व सरपंच देवीलाल लोधी और पूर्व जनपद सदस्य हेमराज लोधी ने सम्मान किया।

### जनप्रतिनिधियों ने की सहभागिता

कार्यक्रम में भीम सिंह पंवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरीश सोलंकी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामदयाल गौर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लोकपाल गुर्जर, पूर्व सरपंच लाखन सिंह गुर्जर, पूर्व सरपंच गंगाविशन गौर, जनपद सदस्य रवि लोधी, सरपंच बालमुकुंद मीणा, सरपंच पटेल गुर्जर,

सरपंच लखपत सिंह गुर्जर, पूर्व सरपंच रामजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

इसके अलावा ग्राम पटेल सतीश कुमार गुप्ता, राम पटेल, राजपाल सोलंकी, सुनील राजपूत, सुनील सिंह, सुरेश राजपूत, ब्रजेश शर्मा, रूपल गुप्ता, सरपंच रामनारायण मेवाड़ा और भवानी मेवाड़ा सहित ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

### महाआरती के बाद महाप्रसादी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरीश कुमार सोलंकी ने धार्मिक आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला। महाआरती के समापन के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया। अंत में पूर्व जनपद सदस्य हेमराज लोधी ने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## 27 कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे भवन का उद्घाटन

डीआर संवाददाता-भैरुंदा

शिक्षा के क्षेत्र में भैरुंदा को रविवार को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। नीलकंठ रोड पर करीब 80 करोड़ रुपए की लागत से तैयार शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नए भवन का 27 सितंबर को लोकार्पण होगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान दोपहर 1 बजे आयोजित समारोह में नए भवन का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव करेंगे।

### विद्यार्थियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

नए भवन में विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट क्लास, आधुनिक प्रयोगशालाएं और पुस्तकालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही खेलकूद और विद्यार्थियों की प्रतिभा विकास से जुड़ी गतिविधियों के लिए भी सुविधाएं विकसित की गई हैं। विद्यालय में आधुनिक संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ विभिन्न सहशैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ने पर जोर रहेगा।

### शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र रहा विद्यालय

भैरुंदा का सांदीपनि विद्यालय लंबे समय से क्षेत्र की शैक्षणिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। विद्यालय में वर्ष 2026 के दौरान योग दिवस सहित विभिन्न शैक्षणिक और सहशैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

नए भवन के निर्माण से विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का विस्तार होगा और विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

लोकार्पण समारोह को लेकर विद्यालय और प्रशासन स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी और स्थानीय नागरिक शामिल होंगे।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्रपद शुक्ल पक्ष,26-2083 सीहोर,दिन शनिवार,दिनांक 26 सितंबर 2026

## न्यूज गैलरी

### राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का दौरा कार्यक्रम

सीहोर। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 27 सितम्बर को प्रातः 11.30 बजे इछावर तहसील के ग्राम बोरदी पहुंचेंगे और यहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत स्वीकृत विधानसभा क्षेत्र की 38 सड़कों के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

### विद्यार्थियों को दी खाद्य मिलावट पहचानने की जानकारी

सीहोर। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा संचालित चलित खाद्य प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से शासकीय हाई स्कूल अलीपुर, आष्टा में विद्यार्थियों के समक्ष खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं मिलावट के प्रति जागरूक किया गया। चलित प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य पदार्थों की जांच की प्रक्रिया विद्यार्थियों को समझाई गई तथा दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करने के सरल एवं आसान तरीके बताए गए। विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों की स्वच्छता, सुरक्षित रखरखाव तथा साफ-सफाई के महत्व की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि वे अपने दैनिक जीवन में खाद्य पदार्थ खरीदते और उपयोग करते समय उनकी गुणवत्ता, पैकेजिंग, लेबल एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। साथ ही विद्यार्थियों के माध्यम से आम नागरिकों को भी सही खान पान, खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।

कार, रूपेश वर्मा, कमलेश सोनी, घनश्याम अग्रवाल, मनीष मंगल और अंकेश अग्रवाल शामिल हैं।

और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता, सीईओ विनोता लोढ़ा और एसडीएम शशि मिश्रा मौजूद रहे। उन्होंने कम्युनिटी किचन में बच्चों के लिए तैयार होने वाले पोषण आहार की जानकारी ली। एनआरसी पहुंचकर कुपोषित बच्चों के उपचार और पोषण व्यवस्था का निरीक्षण किया।

### मुकेश मेहता को मिली हिउस में मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी

रेहटी। हिंदू उत्सव समिति रेहटी की नवनियुक्त कार्यकारिणी में क्षेत्र के मुकेश मेहता को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शुक्रवार को जगदीश पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल पटेल ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें मेहता को मीडिया प्रभारी बनाया गया। नई जिम्मेदारी मिलने पर पत्रकारिता जगत के साथ-साथ सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त किया। वरिष्ठ पत्रकार गजराज सिंह चौहान,

---

विसर्जन | 12 दिनों से चले गणेश उत्सव का अनंत चतुर्दशी पर समापन नदी, तालाब और कुंड में किया विसर्जन

# अगले बरस आने का वादा कर बप्पा के भक्तों ने दी विदाई

# नाचते-गाते ढोल-नगाड़ों के साथ निकाला विसर्जन जुलूस

डीआर संवाददाता-श्यामपुर

पिछले 12 दिनों से चल रहे गणेश उत्सव का शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी पर समापन हो गया। शहर और ग्रामीण इलाकों में श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी गई। शहर में प्रतिमाओं का विसर्जन पार्वती नदी किनारे बने सर्वधर्म कुंड में किया गया। यहां सुरक्षा के पूरे इंतजाम थे। प्रशासन और पुलिस के बड़े अधिकारी भी मौजूद रहे। कन्नौद रोड पर स्थित काला तालाब पर भी छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

बरखेड़ा हसन। बरखेड़ा हसन में गणेश प्रतिमा विसर्जन

### पार्वती नदी के किनारे कुंड बनाया

नगर पालिका के सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति ने बताया कि भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए पार्वती नदी किनारे सर्वधर्म कुंड पर पूरी व्यवस्था की गई थी। बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए क्रेन भी लगाई गई थी। गोताखोर भी वहां मौजूद थे। छोटी मूर्तियों के विसर्जन के लिए भी नगर पालिका की टीम तैनात थी। घरों में स्थापित प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए काला तालाब पर भी इंतजाम किए गए थे। गणपति बप्पा की विदाई की तैयारी सुबह से ही शुरू हो गई थी। पंडालों में पूजा आयोजन क्षेत्र में उत्साह के साथ किया जा रहा था। जिसका समापन शुक्रवार को हो गया आदर्श मित्र मंडल के द्वारा ग्राम खरीद में 10 दिवसीय गणेश उत्सव बड़े उत्साह के खुशी के साथ गणेश चतुर्थी स्थापना की गई इसकी पूजा और उत्साह के साथ बाबा का विसर्जन भी किया गया। साथ में कहा की सुख समृद्धि के लिए जो भी कोई पाले हो वह पालपूजा करने वाला हो लेकिन सुनेग गुलाल उड़ाते नाचते गाते बाबा का विसर्जन किया। यह जल भक्तों के सारे कष्ट हरते हैं और आहे जीवन में सुख समृद्धि प्रदान करते हैं। ग्राम खरीद आसपास के क्षेत्र में विसर्जन ग्राम से किया। साथ में जितनी बाखाया कोगदासाबो खांकिया में बिठाकर रामपुरा डैम में विसर्जन के लिए पहुंचे जहां पर उन्होंने पूरे विधि विधान से बाबा की पूजा अर्चना आरती कर रामपुरा डैम में विसर्जन किया। इस प्रकार खामखेड़ासाला (सेमा रामपुरा)सभीखेड़ासाहानकपुर, अर्जनिया विजयती बमुलिया हाट मीना पर कमीत मिलाजी आदि गांव में बाबा का विसर्जन बड़े धूमधाम से किया गया।

अर्चना कर आरती की गई। इसके बाद बड़ी प्रतिमाओं को ट्रैक्टर ट्रॉलियों में रखकर ढोल-नगाड़ों के साथ समिति के सदस्य गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे।

### 200 से ज्यादा प्रतिमाएं थी स्थापित

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष भूरू मुकाती ने बताया कि इस बार 200 से ज्यादा जगहों पर गणपति बप्पा की स्थापना की गई थी।

उन्होंने लोगों से पार्वती नदी पर तय स्थान पर ही प्रतिमाओं का विसर्जन करने की अपील की। इस बार अनंत चतुर्दशी पर पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर की गई है। साथ ही गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तालाबों पर सुरक्षा बेहतर की गई है।

---

# आष्टा के प्राचीन श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण का श्रीगणेश

**अनंत चतुर्दशी पर विधि-विधान से शुरू हुआ निर्माण, विधायक ने 11 लाख रुपए देने की घोषणा**

डीआर संवाददाता-आष्टा।

बुधवारा क्षेत्र स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य की शुरुआत अनंत चतुर्दशी के अवसर पर विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ हुई। आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर और महामंडलेश्वर दीपकदास महाराज ने पूजन कर निर्माण कार्य का श्रीगणेश किया। इस दौरान भगवान श्रीराम और दादा हनुमान से मंदिर निर्माण कार्य के निर्विघ्न और सुरक्षित रूप से पूरा होने की प्रार्थना की गई।

कार्यक्रम में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मंदिर निर्माण के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का मंदिर बनवाने में सहयोग करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। श्रीराम भारतीय संस्कृति, मर्यादा और आदर्शों के प्रतीक हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से मंदिर निर्माण में सहयोग करने की अपील भी की।

### पहाड़ी मंदिर तक पहुंचने का रास्ता भी बनाया

विधायक ने बताया कि पुराने आष्टा में ऊंची पहाड़ी पर स्थित

मंदिर तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को पहले परेशानी होती थी। इसके लिए 2 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से पक्का रास्ता तैयार कराया गया है। अब श्रद्धालु वाहनों से सीधे मंदिर तक पहुंचकर दर्शन कर सकते हैं।

### मंदिर संस्कार और सेवा की सीख देते हैं

महामंडलेश्वर दीपकदास महाराज ने कहा कि मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं, बल्कि समाज को संस्कार, सेवा और सद्भाव की प्रेरणा देने वाले केंद्र भी हैं। उन्होंने कहा कि पुराने मंदिरों के जीर्णोद्धार से धार्मिक स्थलों के संरक्षण के साथ नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष भूरू मुकाती, श्रीराम मंदिर समिति अध्यक्ष गोविंद सोनी सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

---

# 75 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पेंशनर्स सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं का किया

डीआर संवाददाता-सीहोर।

भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन की सीहोर इकाई की ओर से सम्मान समारोह एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले एक दर्जन से अधिक पेंशनर्स का सम्मान किया गया। इस दौरान उनके दीर्घकालीन सेवाकाल और सामाजिक योगदान को याद किया गया।

### पदाधिकारियों और अतिथियों ने किया सम्मान

कार्यक्रम में सीहोर इकाई को

सक्रिय सहयोग देने वाले संरक्षक मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा और सुभाषचंद्र दुबे का भी विशेष सम्मान किया गया। समारोह में भोपाल सर्किल के महासचिव जीके माथी, मुकुल चंद त्रिपाठी, विजय सोनगीकर, मनोहर लालवानी, एसी खरे, प्रान सक्सेना, केएल भाटी और एसबीआई सीहोर के मुख्य प्रबंधक समोद प्रकाश मौजूद रहे।

### समाजसेवा में भी सक्रिय पेंशनर्स

इकाई अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने कहा कि एसोसिएशन सदस्यों को जोड़ने के साथ समाजसेवा के कार्यों में भी सक्रिय है। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स अपने अनुभव और समय का उपयोग सामाजिक कार्यों में कर रहे हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, सचिव रघुनाथ सिंह वर्मा और कोषाध्यक्ष गिरजेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

तहसील चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी, मतदाता सूची सार्वजनिक करने और जांच की मांग

# मतदाता सूची को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका

डीआर संवाददाता-आष्टा।

मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को आष्टा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। ग्रामीण ब्लॉक और नगर कांग्रेस के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील चौराहे पर एकत्र हुए और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मतदाता सूची से जुड़े मामलों की जांच और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग उठाई।

### राहुल गांधी के आरोपों का दिया हवाला

कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी द्वारा कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची को लेकर लगाए गए आरोपों का हवाला दिया। राहुल गांधी ने 2025 में महादेवपुरा में एक लाख से अधिक कथित फर्जी मतदाताओं का दावा किया था। निर्वाचन अधिकारियों ने इन आरोपों के समर्थन में दस्तावेज मांगे थे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। उन्होंने पूरी मतदाता सूची सार्वजनिक करने और कथित रूप से गलत तरीके से नाम हटाने के मामलों की जांच की मांग की।

### कार्यकर्ताओं ने की जांच की मांग

कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर गद्दी छोड़ो' और 'चुनाव आयोग होश में आओ' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन में हरपाल सिंह ठाकुर, महेश मुदीखेड़ी, विनोद सोलंकी, नाहिद खान गुड्डू, गुलाब बाई ठाकुर, कमल सिंह चौहान, एमबार पाठान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद

---

### मंगल जयकारों के साथ किया प्रतिमाओं का विसर्जन

डीआर संवाददाता-इछावर।

14 सितंबर से शुरू हुआ 12 दिवसीय गणेशोत्सव का शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ समापन हो गया। ओम गं गणपतये नमः, गणपति बाप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ जैसे मंगल जयकारों के साथ नगर सहित संपूर्ण अंचल में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया। नगर में हर वर्ष की भांति इस बार भी प्रतिमाओं का विसर्जन लसूड़िया तालाब में किया गया।

हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ललित वर्मा ने बताया कि इस बार नगर में करीब डेढ़ दर्जन स्थानों पर पंडालों में प्रतिमाएं विराजित की गई थी, जबकि बड़ी संख्या में लोगों द्वारा घरों, मंदिरों और अन्य स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं को विराजित किया गया था।

नगर की सभी प्रतिमाओं को पुराना बस स्टैंड स्थित परिसर में एकत्रित किया गया, इसके बाद शोभायात्रा निकालकर प्रमुख मार्गों से होते हुए आजाद चौक

---

### दिव्यांग बच्चों का चिकित्सकीय मूल्यांकन, कृत्रिम उपकरण के लिए किया चिन्हांकन

डीआर संवाददाता-इछावर।

जनपद शिक्षा केंद्र परिसर में शुक्रवार को समग्र शिक्षा अभियान के तहत एक दिवसीय दिव्यांग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत दिव्यांग एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का चिकित्सकीय मूल्यांकन किया गया। विशेषज्ञों की टीम ने बच्चों की जांच कर उन्हें आवश्यकतानुसार कृत्रिम उपकरण उपलब्ध कराने के लिए चिन्हित किया।

शिविर में एलिम्को जबलपुर की टीम ने बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण किया। इस दौरान ऐसे बच्चों की पहचान की गई, जिन्हें कान की मशीन, व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, बैसाखी, मैग्नीफाइंग ग्लास, सीपी चेयर, आईईडी किट, रोलेटर, टॉयलेट चेयर, चश्मा, छड़ी और ब्रेल/एमएसआईईडी किट सहित अन्य सहायक उपकरणों की आवश्यकता है।

### दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया भी हुई

शिविर में जिन बच्चों के अभी तक दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बने हैं, उनके प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई। वहीं जिन बच्चों के प्रमाण पत्र तीन वर्ष से अधिक पुराने हो चुके हैं, उनके प्रमाण पत्रों के नवीनीकरण की प्रक्रिया भी कराई गई। इससे बच्चों को शासन की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने में सहायता मिलेगी।

### 10 जनशिक्षा केंद्रों से पहुंचे बच्चे

बीएसी शैलेंद्र ठाकुर ने बताया कि शिविर में जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले 10 जनशिक्षा केंद्रों से बच्चे शामिल हुए। इनमें मानसिक दिव्यांग, अस्थि बाधित, श्रवण बाधित और अल्प दृष्टि बाधित सहित विभिन्न श्रेणियों के बच्चे शामिल थे। विशेषज्ञों ने बच्चों की आवश्यकता के अनुसार उनका परीक्षण कर उपकरणों के लिए चिन्हित किया।

शिविर में बीआरसीसी सुभाष चंद्र दुबे, एमआईआरसी सुधा केशी, बीएसी महेंद्र सिंह सिसोदिया, अशोक मालवीय, मनोज राठौर, घनश्याम वर्मा, अनिल कल्मोदिया, नरेंद्र

---

### लहसुन 15 हजार रुपए तक, सोयाबीन में भी तेजी

डीआर संवाददाता-सीहोर,रामनगर।

कृषि उपज मंडियों में 25 सितंबर को फसलों की आवक के साथ भावों में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सीहोर मंडी में कुल 8,334 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज हुई। इसमें अनाज मंडी में 2,504 क्विंटल तथा प्याज और लहसुन की 3,831 क्विंटल आवक रही।

सीहोर मंडी में पीले सोयाबीन की 1,121 क्विंटल आवक हुई। इसका अधिकतम भाव 5,908 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। लहसुन का अधिकतम भाव 15,000 रुपए प्रति क्विंटल रहा, जबकि मॉडल भाव 8,250 रुपए रहा। धनिया का अधिकतम भाव 13,450 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज

हुआ।

वहीं कुरावर मंडी में कुल 3,822 क्विंटल उपज की आवक हुई। यहां सोयाबीन की 2,085 क्विंटल आवक रही। सरसों का अधिकतम भाव 7,265 रुपए और मॉडल भाव 7,095 रुपए प्रति क्विंटल रहा। धनिया 12,205 रुपए प्रति क्विंटल तक

---

श्रीमद भागवत कथा में कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की झांकी ने मोहा मन, कथा पंडाल में गूंजे जयकारे

# पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा- भगवान पर अटूट विश्वास रखें, निर्मल मन से ही परमात्मा की अनुभूति संभव

डीआर संवाददाता-सीहोर।

शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा के दौरान कहा कि भगवान कभी भी किसी मनुष्य के जीवन की दिशा बदल सकते हैं। इसलिए भक्त को भगवान पर अटूट विश्वास रखते हुए नियमित रूप से

आराधना करनी चाहिए।

### कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की सजी झांकी

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह प्रसंग का वर्णन किया गया। इस अवसर पर आकर्षक झांकी सजाई गई। विवाह प्रसंग शुरू होते ही श्रद्धालु भक्तिभाव में डूब गए और भगवान के जयकारे लगाए। पंडित मिश्रा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को धर्म, सदाचार और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

### धर्मशाला के बाहर भी श्रद्धालुओं की भीड़

कथा में श्रद्धालुओं की संख्या इतनी रही कि धर्मशाला परिसर के अलावा आसपास की सड़कों, गलियों और छतों पर भी लोग बैठकर कथा सुनते रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एलईडी और पंडाल की व्यवस्था की गई है। देश के साथ विदेशों से भी श्रद्धालु कथा में पहुंचे। अमेरिका, कनाडा और कनाडा से आए श्रद्धालुओं ने भी कथा श्रवण कर पंडित प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद लिया।

**निर्मल भाव से भक्ति का संदेश**

पंडित मिश्रा ने कहा कि ईश्वर को छलकपट नहीं, बल्कि निश्छल प्रेम चाहिए। मनुष्य को अपनी परिस्थितियों की चिंता किए बिना सच्चे भाव से भगवान का स्मरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धा और निर्मल भाव ही भक्ति का आधार है।

**आज कथा का समापन**

अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष रजनी गोयल ने बताया कि शनिवार को दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक कथा का अंतिम आयोजन होगा। इसके बाद सादगीपूर्ण ढंग से पंडित समारोह निकाला जाएगा।

---

### रंगों में रिश्ते कार्यक्रम में बुजुर्ग और युवा साझा करेंगे अनुभव

डीआर संवाददाता-सीहोर।

लोकहारखेड़ी स्थित संकल्प केंद्र में चल रहे सात दिवसीय 'संकल्प पीढ़ी संवाद-अनुभव से भविष्य की ओर' कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को पीढ़ियों के बीच संवाद और बुजुर्गों के अनुभवों पर चर्चा हुई। संस्कार मंच के संयोजक जितेंद्र तिवारी ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को पढ़ाते नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गढ़ते हैं। उन्होंने युवाओं से माता-पिता, गुरुजनों और बुजुर्गों के सम्मान की अपील की।

### अनुभवों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने पर जोर

कार्यक्रम में कन्या महाविद्यालय की डॉ. पूजा कश्यप, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट, आकाश राय और अजय मीना सहित अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ. कश्यप ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ युवाओं को संस्कार और पारिवारिक मूल्यों से भी जुड़े रहना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि परिवार व्यक्ति की संस्कारों की पहली पाठशाला है और बुजुर्ग अनुभवों की जीवंत धरोहर है।

### आज होगा 'रंगों में रिश्ते' कार्यक्रम

संकल्प केंद्र के संचालक राहुल सिंह ने बताया कि शनिवार को कार्यक्रम के तीसरे दिन 'रंगों में रिश्ते' विषय पर आयोजन होगा। इसमें वरिष्ठ नागरिक और युवा 'मेरा परिवार-मेरा समाज' तथा 'पहले का जीवन और आज का जीवन' जैसे विषयों पर विचार साझा करेंगे। सात दिवसीय कार्यक्रम का समापन 30 सितंबर को होगा।

## न्यूज गैलरी

### निशुल्क मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ शिविर 27 को

विदिशा। श्रीजित हरिजन कल्याण समिति मध्यभारत के प्रयासों से 27 सितंबर को सरस्वतीदेवी परिसर, पीतल फाटक चौराहा में निशुल्क मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप शिविर लगेगा। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। भोपाल के आनंदम हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे। स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देंगे।

### ओशो संन्यासियों का आनंदम उत्सव शुरू

विदिशा। कामधेनु मंगल वाटिका में ओशो संन्यासियों का आनंदम उत्सव शुरू हुआ। आईआईटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद रेलवे में उच्च अधिकारी रहे आचार्य आलोक ने उत्सव की शुरुआत कराई। देशभर से आए पचासों ओशो संन्यासियों ने आलोक के मार्गदर्शन में ध्यान साधनाएं कीं। आलोक ने वैदिक शास्त्र के पांच मूलभूत सिद्धांतों का परिचय दिया।

### विदिशा में योजनाओं का सचिव ने जायजा लिया

विदिशा। महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव जीवी रश्मि ने जिले का भ्रमण किया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़ी योजनाओं और गतिविधियों की मैदानी स्तर पर जांच की। भ्रमण के दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता उनके साथ रहे।

### लहरों में आस्था, जल में समाए बप्पा

विदिशा। दस दिनों तक घर-आंगन और पंडालों में विराजे गणपति बप्पा को अनंत चतुर्दशी पर श्रद्धालुओं ने भावुक विदाई दी। ढोल-नगाड़ों की गूंज, 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष और फूलों से सजी प्रतिमाओं के साथ श्रद्धालु विसर्जन स्थलों तक पहुंचे। यहां अंतिम पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना के साथ बप्पा को जल में प्रवाहित किया गया।

गणेशोत्सव के अंतिम दिन शहर के अलग-अलग हिस्सों से प्रतिमाएं विसर्जन स्थलों तक पहुंचीं। कहीं पारंपरिक जुलूस निकले तो कहीं परिवारों ने सादगी से बप्पा को विदाई दी। विसर्जन के दौरान आस्था और भावनाओं का ऐसा दृश्य नजर आया, जहां उत्साह का शोर श्रद्धा की खामोशी में बदल गया। दस दिनों की भक्ति के बाद हुई यह विदाई अगले वर्ष बप्पा के फिर आगमन की उम्मीद के साथ आस्था का भावपूर्ण विराम बन गई।

### सिरोंज के तीन स्कूलों में एक साथ गूंजा वंदे मातरम

सिरोंज। वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के आह्वान पर चल रहे देशव्यापी अभियान 'नमामि भारतम्' के तहत शुक्रवार को सिरोंज के तीन स्कूलों में सामूहिक वंदे मातरम् गायन हुआ। सुबह 11 बजे विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के स्वरों से गूंज उठे। लिंक रोड स्थित सरस्वती शिशुविद्या मंदिर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष रवींद्र कान्हेरे मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। इसने स्वतंत्रता संग्राम में त्याग और बलिदान की भावना जगाई। भूतेश्वर पथ स्थित सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय और पंचकुइया स्थित श्रीमती गंगाबाई हायर सेकेंडरी स्कूल में भी कार्यक्रम हुए।

## शहर में नशे से जुड़ी संदिग्ध मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा है।

# 'परिजनों' ने ड्रग्स के ओवरडोज का लगाया आरोप, पुलिस ने कहा- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा मौत का करण

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

शहर में नशे से जुड़ी संदिग्ध मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा है। शुक्रवार को 26 वर्षीय युवक आदर्श उर्फ अजय मालवीय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक बस स्टैंड के पीछे रहता था। परिजनों ने उसकी मौत ड्रग्स के ओवरडोज के कारण होने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट होने की बात कही है।

परिजनों के मुताबिक आदर्श के पिता का करीब 15 साल पहले निधन हो गया था। इसके बाद उसकी मां ने बेटे और छोटी बेटी की अकेले परवरिश की। परिवार का कहना है कि पढ़ाई के दौरान आदर्श गलत संगत में पड़ गया और धीरे-धीरे नशे की गिरफ्त में चला गया। उसे इंजेक्शन और पाउडर जैसे नशीले पदार्थों की लत लग गई थी।

परिजनों ने बताया कि आदर्श का पिछले कई वर्षों से इलाज कराया जा रहा था। उसे विदिशा के एक नशा मुक्ति केंद्र में भी भर्ती कराया गया था, लेकिन वह वहां से भागकर वापस आ गया। परिवार के अनुसार नशे की लत बढ़ने के बाद वह घर का सामान तक बेचने लगा था। नशे के लिए पैसे नहीं मिलने पर वह मां और बहन से विवाद करता था।

आदर्श की छोटी बहन बस स्टैंड क्षेत्र में जूते का स्टॉल लगाती है और परिवार चलाने में मां की मदद करती है। परिजनों ने बस स्टैंड क्षेत्र में खुलेआम नशीले पदार्थों की बिक्री होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आदर्श के संपर्क में रहने वाले कुछ अन्य युवक भी पहले नशे के कारण जान गंवा चुके हैं। परिवार ने नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**पुलिस बोली- पीएम रिपोर्ट के बाद साफ होगी वजह**

कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि परिजनों ने युवक की मौत ड्रग्स के ओवरडोज से होने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**सप्लाई चेन तक पहुंचने की जरूरत**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने विदिशा में नशे से युवाओं की मौत की घटनाओं को चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की जांच केवल मर्ग तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। मौत की वजह के साथ पूरे मामले की वैज्ञानिक तरीके से जांच जरूरी है।

कानूनगो के अनुसार मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल, लोकेशन, बैंक, डिजिटल फोरेंसिक और लोकेशन की जांच से यह पता लगाया जा सकता है कि यह नशीला पदार्थ कहां से खरीदता था और उसके संपर्क में कौन लोग थे। उनका कहना है कि जांच का उद्देश्य केवल मौत की वजह पता करना नहीं, बल्कि नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन तक पहुंचना भी होना चाहिए। उन्होंने नशा बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और उनकी अवैध संपत्ति की जांच की मांग की।

## करारिया पुलिस ने 3 जुआरियों को पकड़ा, 15 हजार 460 रुपए नकद जब्त

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

करारिया पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 15 हजार 460 रुपए नकद, दो बाइक और एक एलईडी बल्ब सहित कुल 1 लाख 35 हजार 460 रुपए का सामान जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में धर्मेंद्र दांगी (33) और नीलेश लोधी (32), दोनों निवासी बरेठगनर विदिशा, तथा प्रदीप उर्फ भोलू कुशवाह (28), निवासी करैया खेड़ा रोड विदिशा शामिल हैं। कार्रवाई एएसपी मोनिका तिवारी और सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सीमा राय सहित पुलिस टीम ने की।

### 17 अक्टूबर तक कॉलेजों में बनेंगे लर्निंग लाइसेंस

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

सेवा संकल्प अभियान के तहत परिवहन विभाग द्वारा जिले के शासकीय और अशासकीय कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान 17 अक्टूबर तक चलेगा। शिविरों में विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सुरक्षित वाहन संचालन और वैध ड्राइविंग दस्तावेजों की जानकारी दी जाएगी। कॉलेज परिसर में ही ऑनलाइन आवेदन और टेस्ट कराने में विद्यार्थियों को सहयोग मिलेगा। लर्निंग लाइसेंस के लिए आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट होना जरूरी है। ऑनलाइन टेस्ट में 20 प्रश्नों में से कम से कम 12 के सही उत्तर देना आवश्यक होगा। परिवहन विभाग के अनुसार विदिशा के साथ गंजबासौदा, सिरोंज, कुरवाई, शमशाबाद और लटे

### सोयाबीन-उड़द में नुकसान के बाद किसानों का पैदल मार्च

गंजबासौदा। सोयाबीन और उड़द की फसल मौसम की मार और पीला मोजेक रोग से प्रभावित होने के बाद किसानों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। किसान कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में किसानों ने पुराने मेला ग्राउंड से तहसील कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अनुभा जैन को ज्ञापन सौंपकर फसल नुकसान का तत्काल सर्वे कराने और मुआवजा व बीमा राशि दिलाने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी

## जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद में गणेश प्रतिमा का विसर्जन

डीआर संवाददाता ■ शमशाबाद।



पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद में गणेशोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। गणेश प्रतिमा की विधिवत पूजा-अर्चना और आरती के बाद विद्यार्थियों ने भजन संध्या में भाग लिया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा को विद्यालय परिसर में भ्रमण कराया गया।

विद्यार्थियों और विद्यालय कर्मचारियों ने उत्साह के साथ गणेश प्रतिमा के साथ सहभागिता की। इस दौरान गणपति बप्पा के जयकारों से विद्यालय परिसर भक्तिमय हो गया। भजन संध्या में विद्यार्थियों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दीं।

इसके बाद गणेश प्रतिमा को विसर्जन के लिए विद्यालय के समीप स्थित जलाशय तक ले जाया गया। यहां विधि-विधान से प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान शिक्षकों और कर्मचारी मौजूद रहे। गणेश प्रतिमा के विसर्जन के साथ विद्यालय में आयोजित गणेशोत्सव का समापन हुआ। पूरे आयोजन में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही और विद्यालय परिसर में श्रद्धा एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।

## बप्पा की हुई विदाई, विसर्जन के लिए उमड़ा जनसैलाब

### गणेश विसर्जन को लेकर बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर उमड़े श्रद्धालु,

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

12 दिवसीय गणेशोत्सव का शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के साथ समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से भगवान गणेश को विदाई दी। गणेश विसर्जन के लिए बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का वितरण किया गया।

शहर में सार्वजनिक गणेश प्रतिमाओं का चल समारोह निकाला गया। इसमें 100 से अधिक झांकियां शामिल हुईं। हजारों श्रद्धालुओं ने मुख्य बाजार में पहुंचकर चल समारोह देखा। हिन्दू उत्सव समिति ने शहर में छह मंचों के माध्यम से चल समारोह का संचालन किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की तैनाती रही और प्रशासन व पुलिस अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं पर नजर रखते रहे। इधर, शासकीय एमजीएम स्कूल में भी अनंत चतुर्दशी पर मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा का हर्षोल्लास के साथ विसर्जन किया गया। शाला संचालक ने सभी के सुखद, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं के उपयोग के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

## 40 हजार वर्गफीट में बनेगी पार्किंग, सड़क पर खड़े वाहन होंगे जब्त

डीआर संवाददाता ■ शमशाबाद।

बाजार में बढ़ रहा वाहन दबाव मुख्य मार्ग पर पार्किंग और जाम की समस्या से राहत के लिए नगर पालिका ने पुराने जर्जर भवन की जगह पार्किंग विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी है। करीब दो बीघा वाली 40 हजार वर्गफीट जमीन पर पहले चरण में पेड पार्किंग बनाई जाएगी। इसके बाद इसे मल्टीलेवल पार्किंग के रूप में विकसित करने की योजना है।

नगर पालिका के अनुसार पार्किंग निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद करीब दो महीने में काम शुरू करने का लक्ष्य है। पार्किंग शुरू होने के बाद मुख्य बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर सड़क पर डिवाइडर लगाए जाएंगे और यातायात को वन-वे करने की योजना है।

व्यापारियों और दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए मंथली पास की व्यवस्था होगी, जबकि ग्राहकों से डिजिटल या पर्ची के माध्यम से पार्किंग शुल्क लिया जाएगा। सड़क पर वाहन खड़े करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर वाहन जब्त भी किए जाएंगे।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने बताया कि पुराने जर्जर भवन को हटाकर पार्किंग बनाने का प्रस्ताव परिषद में सर्वसम्मति से पारित हो चुका है। इसे 2027 से पहले श्रद्धालुओं के लिए शुरू करने का लक्ष्य है। सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने बताया कि सत्यापित के बाद दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए अनिवार्य पार्किंग व्यवस्था लागू की जाएगी।

## सड़क पर मिले 50 हजार रुपए और जरूरी दस्तावेज लौटाए

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

सड़क पर मिली 50 हजार रुपए की नकदी, पासबुक और चेकबुक पुलिस को सौंपकर 68 वर्षीय वीरेंद्र जैन ने ईमानदारी की मिसाल पेश की। खरीफाटक रोड निवासी वीरेंद्र जैन को सड़क पर काली पन्नी में यह राशि और दस्तावेज मिले थे। उन्होंने इन्हें सुरक्षित रखकर कोतवाली पुलिस को सूचना दी।

दरअसल, 23 सितंबर को रुधीर सिंह ठाकुर ने कोतवाली थाने में 50 हजार रुपए नकद, पासबुक और चेकबुक गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करते हुए गुम राशि और दस्तावेजों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को वीरेंद्र जैन के पास राशि और दस्तावेज मिलने की जानकारी हुई।

इसके बाद कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को रुधीर सिंह ठाकुर को उसकी पूरी 50 हजार रुपए की राशि और जरूरी बैंक दस्तावेज वापस सौंप दिए। कार्रवाई में निरीक्षक आनंद राज, प्रधान आरक्षक परमेंद्र भट्ट, आरक्षक अभिषेक मौर्य और आरक्षक आनंद गौतम की भूमिका रही। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि सार्वजनिक स्थान पर कोई गुम राशि या वस्तु मिले तो उसे पुलिस को सौंपें, ताकि वह वास्तविक मालिक तक पहुंचाई जा सके।

**सामूहिक गायन**

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ सामूहिक वंदे मातरम गान

### विद्या भारती के संयोजन में नमामि भारतम अभियान के तहत आयोजन, राष्ट्रभक्ति के भाव से गूंजा विद्यालय

डीआर संवाददाता ■ सिरोंज लटेरी

विद्या भारती के संयोजन में नमामि भारतम अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर अटर किला में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों और अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

सामूहिक वंदे मातरम गान के दौरान पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के भाव से गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता परिषद समाजसेवी मनोज कटारे ने वंदे मातरम के गौरवपूर्ण इतिहास और स्वतंत्रता आंदोलन में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत भूमि के प्रति श्रद्धा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है।

कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य गजराज सिंह, अपना घर वृद्ध आश्रम के सचिव गोवर्धन सिंह चौहान, श्री रामकृष्ण दास शिक्षण समिति के सचिव राठाज बोली और उपसमिति अध्यक्ष गोपाल शरण पाठक उपस्थित रहे।

संस्था प्रमुख दिनेश शर्मा ने नमामि भारतम अभियान के उद्देश्य बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव की भावना को मजबूत करना है।

उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से राष्ट्रीय भाव से जुड़े कार्यक्रम विद्यार्थियों को देश के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का माध्यम बनते हैं।

कार्यक्रम का संचालन निशा कुशवाह ने किया। अंत में गोलू शर्मा ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

## 25 साल से चल रहा था वृद्धाश्रम, विकास के नाम पर मकान जमींदोज, 2 माह बाद भी बायपास का काम शुरू नहीं

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

नगर में बायपास सड़क निर्माण के लिए दो मकान तोड़े जाने के दो माह से अधिक समय बाद भी सड़क का काम शुरू नहीं हुआ है। कार्रवाई के बाद मौके पर अभी भी मकानों का मलबा पड़ा है। इससे मकान मालिक और स्थानीय लोगों ने कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए हैं।

नरेंद्र साहू के दो मकानों में करीब 25 वर्षों से गरीब और असहाय बुजुर्गों के लिए निशुल्क वृद्धाश्रम संचालित हो रहा था। यहां बुजुर्गों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की जाती थी। इसके अलावा शासन के महिला और विद्यार्थी संबंधी शिविर भी इन्हीं मकानों में आयोजित होते थे।

बायपास निर्माण में मकानों को बाधक बताते हुए नगर परिषद ने 7 जुलाई और तहसील कार्यालय ने 9 जुलाई को नोटिस जारी किया था। इसमें दो दिन के भीतर मकान खाली करने के निर्देश दिए गए थे। नरेंद्र साहू के अनुसार उन्होंने निर्धारित समय में सामान हटाकर मकान खाली कर दिए। इसके बाद एसडीएम अजय प्रताप सिंह, तहसीलदार प्रेमलता पाल और नगर परिषद की टीम की मौजूदगी में जेसीबी से दोनों मकान ढहा दिए गए।

साहू का कहना है कि मकान टूटे दो माह से अधिक समय हो गया है, लेकिन सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ। उन्होंने विकास कार्य के लिए कार्रवाई में सहयोग किया था। तहसीलदार संजय चौकसे ने कहा कि उन्हें मकान तोड़े जाने और नोटिस की जानकारी नहीं है। वे मामले की जानकारी लेकर बताएंगे। निर्माण से जुड़े लोगों के अनुसार सड़क की स्वीकृति और बजट मिलने के बाद ही काम शुरू होगा।

## न्यूज गैलरी

### बीएड चतुर्थ सेमेस्टर में विद्यार्थियों ने हासिल किए शानदार अंक

राजगढ़। ओमकार महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बीएड चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया है। क्रांतिवीर तात्या टोपे महाविद्यालय, गुना द्वारा घोषित परिणाम में नंदिनी जैन ने 84.62 प्रतिशत, संध्या जैन ने 83.31 प्रतिशत और प्रवीण श्रीवास्तव ने 82.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी तरह अमरलता शैक्षणिक समिति द्वारा संचालित महाराणा कॉलेज, बीनागंज के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रिंकिता शर्मा ने 83.37 प्रतिशत, मोहित गुर्जर ने 83 प्रतिशत और खुशी मांडरे ने 82 प्रतिशत अंक हासिल किए। उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कुंभराज में भगवान वासुपूज्य स्वामी का जन्म-निर्वाण कल्याणक मनाया

कुंभराज। दस लक्षण महापर्व के अंतिम दिवस अनंत चतुर्दशी पर श्री दिगंबर जैन समाज कुंभराज ने भगवान श्री 1008 वासुपूज्य स्वामी का जन्म एवं निर्वाण कल्याणक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान के अभिषेक, विशेष पूजा-अर्चना और शांतिधारा से हुई। निर्वाण कल्याणक के अवसर पर श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू अर्पित किया। इसके बाद नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा जुलूस निकाला गया, जिसमें समाज के पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने सहभागिता की। जुलूस के दौरान जयकारों और धार्मिक भजनों से वातावरण भक्तिमय रहा। मंदिर पहुंचने पर चार इंद्रों द्वारा भगवान की शांतिधारा की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ लिया।

### तेज रफ्तार पल्सर ने स्प्लेंडर को मारी टक्कर, तीन घायल

गुना। कुम्भराज थाना क्षेत्र की सान्ई चौकी अंतर्गत रामकलपुरा रोड पर तेज रफ्तार बाइक ने सामने से आ रही स्प्लेंडर को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक, उसकी मां और दोस्त घायल हो गए। सान्ई निवासी विशाल वाल्मीक ने बताया कि वह अपनी मां विमला बाई और दोस्त संतोष अहिरवार के साथ गुना से लौट रहा था। इसी दौरान सान्ई निवासी मोहित प्रजापति तेज रफ्तार और लापरवाही से पल्सर चलाते हुए सामने से आ रही उनकी बाइक से टकरा गया। दुर्घटना में तीनों को घुटने, मुंह और कंधे में चोटें आई हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### एक साल से बीमा राशि के लिए भटक रहा था किसान, अब 24 घंटे में भुगतान

राजगढ़। बीमा दावा राशि के भुगतान के लिए करीब एक साल से प्रयास कर रहे मंडावर के किसान राधेश्याम चंद्रवंशी ने सहायक कृषि निदेशक एवं उप संचालक, किसान कल्याण एवं कृषि विकास प्रहलाद सिंह बारेला को धन्यवाद पत्र लिखा है। किसान ने पत्र में बताया कि रबी 2023 एवं खरीफ 2025 की स्वीकृत बीमा दावा राशि के भुगतान के लिए उन्होंने बैंक की डीबीटी प्रक्रिया, ग्राम सेवक, कृषिविभाग, बीमा कंपनी, टोल फ्री हेल्पलाइन, कृषि रक्षक पोर्टल, ई-दाखिला, ई-मेल और जनसुनवाई तक प्रयास किए। इसके बाद मामला बारेला के संज्ञान में आया। किसान के अनुसार, अधिकारी ने मामले में तत्परता दिखाते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर पूरी कार्रवाई कर बीमा

---

**हड़ताल**

## एक ही रात में दो थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातें, दुकान से नकदी-जेवरात और तीन बाइक चोरी

डीआर संवाददाता ■ गुना।

जिला मुख्यालय पर चोरों ने एक ही रात में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नई सड़क इलाके में चोर दुकान का शटर आधा खोलकर नकदी और जेवरात ले गए। वहीं कैंट थाना क्षेत्र के कस्तूरबा नगर में दो घरों के बाहर खड़ी तीन बाइक चोरी हो गईं। दोनों घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। इनमें संदिग्ध और बाइक ले जाते लोग दिखाई दे रहे हैं। वारदातों के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### शटर आधा खोलकर दुकान से 50 हजार रुपए तक का माल समेटा

पहली वारदात शहर के प्रमुख नई सड़क क्षेत्र की है। यहां दिलीप सिंह परिहार की हरि गोपाल नाम से रेडीमेड और प्रसाधन सामग्री की दुकान है। व्यापारी के अनुसार उन्होंने रोज की तरह रात में दुकान बंद की और घर चले गए थे। सुबह दुकान पहुंचने पर शटर आधा खुला देखकर उन्हें चोरी का पता चला। अंदर जाकर देखा तो सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था।

जांच करने पर गल्ले में रखे 10 हजार रुपए नकद और हजारों रुपए कीमत के जेवरात गायब मिले। व्यापारी के अनुसार चोरी में करीब 40 से 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। इसके बाद उन्होंने दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली। फुटेज में देर रात करीब एक बजे एक संदिग्ध व्यक्ति सड़क पर घूमता दिखाई दे रहा है।

व्यापारी के मुताबिक सीसीटीवी में नजर आ रही पुलिस टीम भी इसी संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ करती दिखाई दे रही है। इसके बावजूद कुछ समय बाद दुकान में चोरी की घटना हो गई। पुलिस अब फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान करने में जुटी है।

### कस्तूरबा नगर में दो घरों से तीन बाइक चोरी

दूसरी घटना कैंट थाना क्षेत्र के कस्तूरबा नगर में हुई। यहां सुमित रजक के घर के बाहर खड़ी दो मोटरसाइकिल चोरी हो गईं। इनमें स्प्लेंडर और होंडा शाइन शामिल हैं। सुमित के अनुसार रात करीब दो बजे के आसपास बदमाशों ने घर के गेट का ताला तोड़कर दोनों बाइक चोरी कर लीं। घटना के समय परिवार घर में मौजूद था।

सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग में करीब नौ संदिग्ध लोग दिखाई दे रहे हैं। सुमित के घर से बाइक चोरी करने के बाद बदमाशों ने पड़ोस के घर को भी निशाना बनाया। पड़ोसी अवधेश उपाध्याय के निवास के बाहर रोज की तरह खड़ी वर्ष 2022 मॉडल रॉयल एनफील्ड हंटर बाइक भी चोरी कर ली गई। बाइक का क्रमांक एमपी 09-2159 बताया गया है।

सुबह घर से बाहर निकलने पर बाइक नहीं मिली तो परिजनों ने आसपास तलाश की। इसके बाद कस्तूरबा नगर की गलियों में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी गई। इसमें कुछ संदिग्ध लोग बुलेट बाइक लेकर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। फुटेज पुलिस को सौंप दिया गया है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

एक ही रात में दो थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों और व्यापारियों में चिंता है। पीड़ितों ने सिटी कोतवाली और कैंट थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत दी है। साथ ही घटनाओं से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए गए हैं। पुलिस दोनों मामलों में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान और चोरी गए वाहनों की तलाश कर रही है। नई सड़क की घटना में दुकान के आसपास के कैमरों की रिकॉर्डिंग भी जांची जा रही है। वहीं कस्तूरबा नगर में अलग-अलग स्थानों पर लगे कैमरों से बदमाशों के आने-जाने के रास्ते की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

## फुटपाथ पर चल रही महिला को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, गंभीर घायल

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़।

शहर में खिलचीपुर नाके से खुजनेर रोड की ओर गुरुवार को तेज रफ्तार कार ने फुटपाथ पर पैदल चल रही 48 वर्षीय महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

जानकारी के अनुसार मदर कॉलोनी निवासी रानी शर्मा (48) पति पवन शर्मा सब्जी खरीदकर घर लौट रही थीं। वह सड़क किनारे बने फुटपाथ पर पैदल जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और महिला को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रानी उछलकर दूर जा गिरीं।

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल संभाला और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर कार चालक और दुर्घटना के कारणों की जानकारी जुटाना शुरू किया है।

घटना का वीडियो सामने आने के बाद शहर में पैदल चलने वालों की सुरक्षा को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे फुटपाथ पर चलने वाले लोगों के लिए भी तेज रफ्तार वाहन खतरा बन रहे हैं। उन्होंने सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर करने की जरूरत बताई है।

---

## नेवज नदी में क्रेन से बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन, घरों में भी दी विदाई

डीआर संवाददाता ■राजगढ़।

शहर में दस दिन से चल रहे गणेशोत्सव शुक्रवार को प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। नेवज नदी के छोटे पुल स्थित विसर्जन घाट पर सुबह 11 बजे से घरों में स्थापित छोटी-बड़ी प्रतिमाओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया।

श्रद्धालुओं ने घाट पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती कर गणपति को विदाई दी। बड़ी प्रतिमाओं के सुरक्षित विसर्जन के लिए क्रेन की मदद ली गई। शाम तक घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती रही और रात तक विसर्जन चलता रहा। नगर पालिका, पुलिस और प्रशासन की टीमें सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं में तैनात रहीं। शहर और आसपास के गांवों से करीब 5 हजार प्रतिमाओं के विसर्जन का अनुमान बताया गया। अनंत चतुर्दशी पर शहर में दो पारंपरिक अखाड़े भी निकाले गए, जिनमें करीब 300 कलाकारों ने विभिन्न करतब दिखाए। वहीं, कई लोगों ने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए घरों में गमले और टब में प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

## 108 कर्मचारियों ने जिला प्रबंधक के समर्थन में कलेक्टर को सौंपा आवेदन

डीआर संवाददाता ■ गुना।

जिले में संचालित 108 आपातकालीन सेवा के कर्मचारियों के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। एक सप्ताह में दूसरी बार कर्मचारियों का एक पक्ष कलेक्ट्रेट पहुंचा और जिला प्रबंधक शादाब खान के समर्थन में कलेक्टर को आवेदन सौंपा। कर्मचारियों ने शादाब खान को पद से हटाने की कार्रवाई रोकने और उनके खिलाफ शिकायत करने वाले कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

आवेदन में पायलट अनिल कुमार, वीरेंद्र जाटव, सुनील गालिया और आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन सुमन कुशवाह द्वारा लगाए गए आरोपों को तथ्यहीन बताया गया है।

कर्मचारियों ने दावा किया कि संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ ड्यूटी में लापरवाही और अनुशासनहीनता की शिकायतें पहले भी कंपनी स्तर पर दर्ज हैं। इनमें एम्बुलेंस की सामग्री, ईंधन, आपातकालीन कॉल और वाहनों से जुड़ी अनियमितताओं के आरोप शामिल हैं। कर्मचारियों ने कहा कि प्रबंधक द्वारा केवल नियमों के अनुसार ड्यूटी करने के निर्देश दिए जाते हैं।

### कॉलेज में अनुवाद में रोजगार पर हुआ व्याख्यान

नरसिंहगढ़। भानु प्रकाश सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को अनुवाद के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर व्याख्यान हुआ। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने इसका आयोजन किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य ने की। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. प्रिया सीठा मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि आज के समय में अनुवाद के क्षेत्र में रोजगार के कई अवसर हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में अनुवादकों की जरूरत है।

---

## लोडिंग वाहन की टक्कर में पड़ाना के 30 वर्षीय युवक की मौत

डीआर संवाददाता ■ पड़ाना।

सिवनी मालवा क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुए सड़क हादसे में पड़ाना निवासी 30 वर्षीय राहुल पिता आत्माराम वर्मा की मौत हो गई। राहुल लोडिंग आयशर वाहन में सवार होकर अन्य साथियों के साथ कर्नाटक से अदरक लेकर उत्तर प्रदेश जा रहा था। इसी दौरान आगे चल रहे वाहन से आयशर की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में राहुल ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

सूचना मिलने पर परिजन सिवनी मालवा क्षेत्र के अस्पताल पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया। स्थानीय पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

घटनास्थल दूर होने के कारण परिजन शव लेकर गुरुवार देर रात करीब 2 बजे आवास कॉलोनी पड़ाना पहुंचे। शव पहुंचते ही परिवार में मातम छा गया। शुक्रवार सुबह 9 बजे बायपास रोड स्थित मुक्तिधाम में राहुल का अंतिम संस्कार किया गया।

## खोयरी महादेव के नए ट्रस्ट गठन पर पुजारी संघ ने जताई आपत्ति

डीआर संवाददाता ■राजगढ़।

बैजनाथ महादेव मंदिर, खोयरी के धार्मिक ट्रस्ट गठन की प्रक्रिया को लेकर पुजारी संघ और अन्य संगठनों ने आपत्ति जताई है। एसडीएम के माध्यम से कलेक्टर को दिए आवेदन में आरोप लगाया गया कि नए ट्रस्ट में पूर्व ट्रस्ट से जुड़े अधिकांश सदस्यों को फिर शामिल किया गया है। आवेदनकर्ताओं ने प्रक्रिया स्थगित कर सभी पक्षों को प्रतिनिधित्व देने की मांग की।

ज्ञापन में मुख्य पुजारी के साथ श्रृंगार सेवा समिति और सुंदरकांड समिति के सदस्यों को ट्रस्ट में शामिल करने की मांग की गई है। संघ के अनुसार दोनों समितियां करीब 12 वर्षों से मंदिर की धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सहयोग कर रही हैं। पूर्व ट्रस्ट के अध्यक्ष को नए ट्रस्ट में उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भी आपत्ति जताई गई। आवेदनकर्ताओं ने पूर्व ट्रस्ट की धनराशि और कार्यों का हिसाब उपलब्ध कराने की मांग करते हुए जांच पूरी होने तक ट्रस्ट गठन पर पुनर्विचार की मांग की है। आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

## 100 साल पुराने जर्जर मकान को बुलडोजर से गिराया, टले हादसे

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

शहर के मुख्य बाजार में गुरुवार शाम नगर पालिका ने करीब 100 साल पुराने जर्जर दो मंजिला मकान को बुलडोजर से गिरा दिया। लंबे समय से खस्ताहाल भवन के कभी भी गिरने की आशंका बनी हुई थी।

बाजार में लगातार लोगों की आवाजाही के कारण हादसे का खतरा था। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद नगर पालिका ने पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में मकान को सुरक्षित तरीके से ढहाया।

बताया गया कि करीब 3 हजार वर्गफीट में फैला यह भवन 100 साल से अधिक पुराना था। पत्थरों से निर्मित भवन की दीवारें और अन्य हिस्से कमजोर हो चुके थे। बारिश के दौरान कई बार मलबा गिरने की बात भी सामने आई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ इकरार अहमद के निर्देश पर अमला मौके पर पहुंचा और कार्रवाई की। सीएमओ ने बताया कि शहर में अन्य जर्जर भवनों को भी चिह्नित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

**गणेशोत्सव समापन**

## 12 दिन तक चला गणेशोत्सव, हवन-पूजन, भंडारों और चल समारोह के साथ हुआ संपन्न

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

शहर में पिछले 12 दिनों से चल रहा गणेशोत्सव शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के साथ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के बीच संपन्न हुआ। सुबह से ही विभिन्न गणेश पंडालों में हवन-पूजन, पूर्णाहुति और धार्मिक अनुष्ठान हुए। कई स्थानों पर कन्या भोज और भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण किया।

इसके बाद ढोल-नगाड़ों और भगवान गणेश के जयकारों के बीच प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया। शहर के प्रमुख मार्गों से निकली विसर्जन यात्राओं में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### कैंट में निकला भव्य चल समारोह

कैंट क्षेत्र में भी अनंत चतुर्दशी महोत्सव को लेकर उत्साह रहा। आयोजक समिति के अध्यक्ष बाबूलाल धाकड़ ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ रात 8 बजे हुआ। चल समारोह में धार्मिक और सामाजिक चेतना पर आधारित झांकियां शामिल रहीं। करीब आधा दर्जन अखाड़ों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक लहंगी मंडली और डोंगापुरा में आयोजित आर्केस्ट्रा कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहे। आयोजन में शहर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचे।

### सिंगवासा तालाब पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण

प्रतिमा विसर्जन को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर पालिका ने विशेष व्यवस्थाएं कीं। सीएमओ शैलेश अवस्थी ने शुक्रवार को सिंगवासा तालाब पहुंचकर विसर्जन स्थल और कुंड का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पूजन सामग्री को अलग एकत्रित कर निर्धारित विसर्जन कुंड में विसर्जित कराने की व्यवस्था की गई।

## बाल विवाह, यौन उत्पीड़न, और बंधक बनाने के आरोप में आठ पर एफआईआर

डीआर संवाददाता ■ब्यावरा

उज्जैन निवासी 17 साल 11 माह की नाबालिग का विवाह परसलापुरा के युवक से करा दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने बाल विवाह, यौन उत्पीड़न एवं बंधक बनाने सहित अन्य आपराधिक धाराओं में 8 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। कायमी जीरो पर की गई है, सुठालिया पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

सुठालिया स्थित देवी मंदिर में 27 मई 2026 को नाबालिग का विवाह परसलापुरा निवासी युवक से कराया गया था। इस मामले में सुठालिया पुलिस ने दिनेश पिता मांगीलाल कुशवाह, उमा पति दिनेश कुशवाह नगर कोट माता मंदिर उज्जैन, रामबाबू कुशवाह, अखलेश पिता कालूराम कुशवाह, अयोध्याम बाई पति कालूराम कुशवाह, राजेश पिता कालूराम कुशवाह सभी निवासी परसलापुरा थाना सुठालिया, ओम प्रकाश कुशवाह, सीरम बाई कुशवाह निवासी कालेज रोड नरसिंहगढ़ इसमें आरोपी बनाए गए हैं।